न्यायालय जिला कलक्टर एवं प्रथम अपीलेट अधिकारी, भीलवाड़ा

(सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005)

पीठासीन अधिकारी आशीष मोदी (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :— **34 / 2023**

उनवान

सपना लाठी पत्नि प्रमोद कुमार निवासी भीलवाड़ा ——अपीलार्थी	**बनाम**	सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रायपुर, जिला भीलवाड़ा ——प्रत्यर्थीगण

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

उपस्थित :— प्रत्यर्थी की ओर से विभागीय प्रतिनिधि।

जिला कलक्टर भीलवाड़ा (राज.)

निर्णय

दिनांक :07.08.2023

अपीलार्थी की ओर से यह प्रथम अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19 (1) के अन्तर्गत सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रायपुर, जिला भीलवाड़ा के विरूद्ध दिनांक 06.06.2023 को प्राप्त हुई, जिसमें अपीलार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि अपीलार्थी ने विहित अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत निर्धारित शुल्क राशि 10/— रूपये का एक पोस्टल ऑर्डर संख्या 04एफ 034598 के साथ एक आवेदन पत्र सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रायपुर, जिला भीलवाड़ा को दिनांक 01.05.2023 को प्रेषित किया, किन्तु सूचना प्राप्त नहीं हुई।

प्रस्तुत अपील इस न्यायालय में दिनांक 12.06.2023 को पंजीबद्ध की जाकर अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को सूचना पत्र जारी किये गये। प्रत्यर्थी सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रायपुर, जिला भीलवाड़ा द्वारा उनके कार्यालय के पत्रांक 48 दिनांक 23.06.2023 से रिपोर्ट प्राप्त हुई। अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के तथ्य इस प्रकार हैं :—

1. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही गयी सूचना/जवाब कार्यालय तहसीलदार, रायपुर के पत्र क्रमांक/स्था./2023/35 दिनांक 31.05.2023 से अपीलार्थी/प्रार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रेषित कर दी गयी है।

उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना प्रेषित कर दिये जाने से अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है।

आदेश आज दिनांक 07.08.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बाद हस्ताक्षर जारी किया गया।

(आशीष मोदी)
जिला कलक्टर एवं
प्रथम अपीलेट अधिकारी
भीलवाड़ा

जिला कलक्टर
भीलवाड़ा